वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का गृह ग्राम में स्वागत

निवाली। ग्राम मंसुर के निवासी बड़वानी जिले में पुलिस विभाग में दीर्घकाल तक कर्तव्यनिष्ठा एवं निष्ठापूर्वक सेवाएं प्रदान करने वाले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर शासकीय सेवा से सेवा-निवृत्त हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का जन्म 21 जनवरी 1966 को मंसूर में हुआ। उन्होंने वर्ष 1995 में उप पुलिस अधीक्षक के पद से पुलिस सेवा प्रारंभ की तथा करीब 13 वर्षों तक अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के रूप में कार्य किया। वर्ष 2010 में पदोन्नति के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में झाबुआ, उज्जैन, देवास एवं इंदौर जिलों में करीब 12 वर्षों तक सेवाएं दी। वर्ष 2022 में वे भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग में शामिल हुए तथा पुलिस अधीक्षक, जिला शाजापुर एवं उप पुलिस आयुक्त, इंदौर मुख्यालय के पद पर रहते हुए दायित्वों का निर्वहन किया व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होकर सेवानिवृत हुए। उप पुलिस महा निरीक्षक विनीत कपूर, पुलिस मुख्यालय भोपाल ने बड़वानी आकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर को सेवा-निवृत्ति पर शाल श्रीफल भेंट कर बधाई व शुभकामनाएं दी। रविवार को जगदीश डावर निवाली मंसुर पहुंचे, जहां समाजजनों व नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। थाना प्रभारी आरके लोवंशी ने बस स्टैंड पर टीम के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया

बस की भिड़ंत में मोटर साईकिल सवार की मौत

निवाली। नगर से 6 किलो मीटर दूर सेंधवा खेतिया स्टेट हाइवे पर मोटर साइकिल एवं राजमंदिर बस की भिड़त में मोटर सायकल सवार की मौके पर मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार राजमंदिर बस एवं दो पहिया वाहन की भिड़त इतनी जोरदार थी कि दो पहिया वाहन के दो टुकड़े हो गए एवं दो पहिया वाहन चालक की मौके पर मौत हो गई।

किसान कांग्रेस की रैली पहुंची पानसेमल

पानसेमल। किसान कांग्रेस की रैली जिले के पलसूद से शुरू हुई, जो निवाली, तलाव, खडीखम से पानसेमल पहुंची। जहां किसानों की समस्या को लेकर कांग्रेस नेताओं ने अपनी बात रखी। किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीलदार ने कहा कि सरकार किसानों का शोषण कर रही है, किसानों को फसलों का सही दाम नहीं मिल रहा है, किसान परेशान हो रहा है। किसानों को यदि इसी तरह की समस्या होगी, तो किसानों को आंदोलन करना पड़ेगा। विक्रम अछालिया, विवेक चौधरी, युवा नेता मोंटा खेड़कर, गोपाल भंडारी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लालसिंह पवार, विष्णु राठौड़, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि पाटिल ने भी विचार व्यक्त किए।

चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

एएसपी के निर्देशन में शहर पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी को भेजा जेल

बड़वाना, (नवभारत)।

शहर पुलिस ने एएसपी के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वहीं आरोपी को न्यायालय पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि मनीहार मोहल्ला पाला बाजार निवासी गजराबाई पत्नी देवा दावदें निवासी 25 जनवरी 2026 की रात 8 बजे अपने परिवार के साथ खंडवा से घर लौटे। घर पहुंचने पर देखा कि पीछे का दरवाजा खुला था और अलमारी तथा अन्य स्थानों की जांच करने पर एक जोड़ चांदी की पायजेब, 10000 नगदी और दो इंडेन कंपनी के गैस सिलेंडर (एक भरा, एक खाली) चोरी हो गए थे। जिसके पश्चात, थाना बड़वानी में मामला

पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

स्वीकार किया अपराध

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर के निर्देशन में एवं थाना प्रभारी कोतवाली बलजीतसिंह बिसेन के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने सतत तकनीकी और वैज्ञानिक तरीकों से जांच करते हुए विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त का ाक चंचल चौराहे पर आरोपी छोटु उर्फ लोकेन्द्र पिता शैलेन्द्र कुशवाह उम्र 18 वर्ष निवासी चांदशाह मोहल्ला बड़वानी चोरी का माल बेचने की कोशिश कर रहा है। मौके पर जाकर आरोपी को पकड़ने पर उसने अपना अपराध स्वीकार किया। उसके निवास स्थल से चोरी की गई चांदी की पायजेब, नगदी 2000 और दो गैस सिलेंडर बरामद किए गए। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय बड़वानी में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर ने बताया कि शहर में चारा का वारदाता का राकन क ालए पुलिस सतत प्रयास कर रही है। अनुसंधान टीम को उनके उत्साहवर्धन के लिए उचित पारितोषिक से पुरस्कृत किया जाएगा।

पुलिस कार्रवाई में थाना प्रभारी बलजीतसिंह बिसेन, सहायक उपनिरीक्षक रविन कन्नौंज, प्रधान आरक्षक जगजोधसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक दीपक, महिला आरक्षक कलावती, आरक्षक राधेश्याम, आरक्षक अंतरसिंह, आरक्षक हितेन्द्र मंडलोई की भूमिका रही।

बरामद की सामग्री

- पुलिस ने आरोपी के निवास से चांदी की पायजेब, नगदी व गैस सिलेंडर बरामद किए।

स्कूली बच्चों को वितरित किए 280 जोड़ चप्पल

बडवानी, (नवभारत)।

जिला मुख्यालय से लगे बड़गांव स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों को चप्पलों का वितरण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय में अधिकांश आदिवासी बच्चे ग्राम के अलग-अलग फलियों से स्कूल में अध्ययन करने के लिए प्रतिदिन आते हैं। वहीं कई बच्चें बगैर चप्पल के ही पथरीले रास्तों से आते हैं।

यह जानकारी डॉ पल्लवी संतोष गोठवाल दंत चिकित्सक को लगी, तो डॉ पल्लवी गोठवाल 280 जोड़ी चप्पल लेकर विद्यालय पहुंची तथा शिक्षकों की उपस्थिति में अपने हाथों से बच्चों को चप्पल पहनाकर सभी को चप्पल प्रदान की। बच्चों के चेहरे पर सुकून देख विद्यालय की ओर से सरपंच मालू डावर, प्रधान पाठक अनिल जोशी, शिक्षक अशफाक शेख ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक मनोज केशरी, रामकिशन पंवार, भीमसिंह अलावा, दुर्गा चौहान, बबीता मंडलोई, रजनी पारगिर, रेखा बामनिया उपस्थित थे।

कुलस्वामिनी कानूबाई महोत्सव का 4 से शुभारंभ

पानसेमल, (नवभारत)।

क्षेत्र के ग्राम ओसवाड़ा एवं ग्राम देवता के कृपा आशीर्वाद से 4 से 9 फरवरी तक आईसाहेब कानूबाई माता महोत्सव मनाया जाएगा। जिसमें आयोजकों द्वारा क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजक समिति द्वारा बताया गया कि 4 फरवरी भूमिपुजन कर उत्सव शुरू होगा। 5 फरवरी शाम को माता के रोट दलने का कार्यक्रम रहेगा। जिसके बाद 7 फरवरी को दोपहर 3 बजे से महाप्रसाद के लिए पुरण पोली बनाई जाएगी। 8 फरवरी को सुबह 9 बजे से विशाल महाप्रसादी वितरण की जाएगी। शाम 5 बजे कानूबाई कनेर विवाह के बाद विवाह के लिए आए जोड़ों का विवाह होगा। सर्व ग्रामीणों की सहायता से होने वाले इस धार्मिक आयोजन में विशेष रूप निवेदन किया है कि माता के दर्शन के लिए आने वाले दर्शनार्थी काले रंग के कपड़े व बेल्ट नहीं पहन कर आए।

खाटू श्याम मंदिर निर्माण को लेकर ऐतिहासिक बैठक

नवभारत न्यूज़
बड़वानी, 03 फरवरी.

जिले के ग्राम तलून में खाटू श्याम जन कल्याण समिति द्वारा खाटू श्याम मंदिर निर्माण एवं आगामी धार्मिक आयोजनों को लेकर महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश से पधारे महंत श्री शशि गिरी महाराज (हिमाचल वाले) ने की। बैठक में मंदिर निर्माण की प्रगति और भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कई अहम निर्णय लिए, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन गया है।

महंत श्री शशि गिरी महाराज ने बताया कि खाटू श्याम मंदिर का निर्माण कार्य मई माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। 12 विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान संपन्न होंगे। वहीं हिमाचल प्रदेश से लगभग 150 महंतों का आगमन प्रस्तावित है, जिससे यह आयोजन दिव्य और ऐतिहासिक स्वरूप लेगा। मंदिर निर्माण में समाज के विभिन्न भामाशाहों का सहयोग मिल रहा है।

महंत श्री शशि गिरी महाराज ने बताया कि नवरात्रि के बाद खाटू श्याम जी की पवित्र ज्योत पैदल यात्रा के माध्यम से लाई जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था और भक्ति का केंद्र बनेगी। बैठक में सदस्यों ने मंदिर निर्माण एवं धार्मिक आयोजनों के लिए पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया तथा सदस्य शुल्क भी जमा कराया। यह बैठक सिर्फ धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक बनी।

समिति ने निर्णय लिया कि 10 ग्रामों के लोगों को सक्रिय सदस्य के रूप में जोड़ा जाएगा। मुख्य जजमान बनने का अवसर खुली बोली के माध्यम से सभी के लिए खुला रखा गया है। समाज के भामाशाहों और ग्रामीणों ने निर्माण के लिए खुले दिल से सहयोग का संकल्प लिया है।

पूरे होंगे संकल्प

महंत श्री शशि गिरी महाराज ने कहा कि यह मंदिर केवल पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और अटूट श्रद्धा का केंद्र बनेगा। यहां सेवा और जनकल्याण के संकल्प पूरे होंगे।

इनाम के बावजूद खाली हाथ पुलिस नौ बाहरी ड्रग्स तस्कर अब भी फरार

- 10-10 हजार का इनाम घोषित हुए एक साल, न गिरफ्तारी हुई न संपत्ति कुर्क

नव भारत न्यूज

इंदौर. ड्रग्स तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के दावों के बीच क्राइम ब्रांच को एक अहम मोर्चे पर अब तक सफलता नहीं मिल सकी है. गत वर्ष फरार चल रहे नौ बाहरी ड्रग्स तस्करों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था, लेकिन एक साल बाद भी इनमें से कोई आरोपी पुलिस के हाथ नहीं आ सका है.

क्राइम ब्रांच ने पिछले साल नशे के कारोबार पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 180 से अधिक तस्करों को गिरफ्तार किया था. इस दौरान करीब आठ करोड़ रुपए से ज्यादा का नशा भी जब्त किया था. हालांकि जांच में सामने आया कि कई मामलों में नशे की सप्लाई करने वाले आरोपी बाहर के राज्यों से जुड़े थे, जो कार्रवाई के दौरान फरार हो गए. इसके बाद क्राइम ब्रांच ने ऐसे फरार तस्करों की सूची तैयार कर इनाम घोषित किया था. पहले चरण में मंदसौर, प्रतापगढ़, मुंबई, नासिक, ठाणे और देवास के कुल नौ आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम रखा गया, इनमें मंदसौर के शाहिद पिता युनूस खान, महफूज पिता मुबारिक और मनय जैन, प्रतापगढ़ के शाहरुख खान और गुजनबाज पठान, मुंबई का सलमान, नासिक का अकरम पठान, ठाणे का राजकुमार नारंगी और देवास का मगन अखाड़े शामिल हैं. पुलिस को उम्मीद थी कि इनाम घोषित होने के बाद आरोपियों की सूचना मिलेगी और गिरफ्तारी संभव होगी, लेकिन अब तक कोई भी तस्कर पकड़ा नहीं जा सका है. इसी तरह क्राइम ब्रांच ने चार बड़े ड्रग्स तस्करों की संपत्ति कुर्क करने के लिए कोर्ट में आवेदन भी दिया था, लेकिन फिलहाल किसी भी मामले में संपत्ति जब्ती के आदेश नहीं हो पाए हैं.

तीन नाबालिग को कोई अज्ञात बदमाश बहला-फुसलाकर ले गए

इंदौर. शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से नाबालिगों के अपहरण के तीन मामले सामने आए हैं. तीनों ही प्रकरणों में अज्ञात व्यक्ति बच्चों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए. पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है.

क्षिप्रा थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुन बरोदा स्थित एक फार्महाउस से 16 वर्ष 8 माह की नाबालिग लड़की को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया. इस मामले में प्रकरण दर्ज किया है. वहीं हीरानगर थाना क्षेत्र के बजरंग नगर से 15 वर्षीय नाबालिग लड़के को अज्ञात आरोपी अपने साथ ले गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है. जबकि एमआईजी थाना क्षेत्र में से 13 वर्षीय नाबालिग को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया. पुलिस का कहना है कि सभी मामलों में संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.

संत रविदास के संदेश से समरस समाज का संकल्प : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर की पूजार्चना, स्वच्छता दीदियों का किया सम्मान

नव भारत न्यूज

इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को अपने इंदौर प्रवास के दौरान संत रविदास जयंती के अवसर पर नगर निगम के झोन कार्यालय क्रमांक-1 में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए. मुख्यमंत्री ने संत रविदासजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की. इस दौरान उन्होंने संत रविदास के सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेश को स्मरण करते हुए कहा कि संतों की वाणी आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रही है.

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वच्छता अभियान से जुड़ी स्वच्छता दीदियों का पुष्पहार से स्वागत कर उनके योगदान की सराहना की. उन्होंने कहा कि इंदौर की स्वच्छता

पहचान देशभर में मिसाल बनी है और इसके पीछे स्वच्छता कर्मियों की मेहनत अहम भूमिका निभा रही है.

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से संत रविदासजी के विचारों को आत्मसात कर स्वच्छ, समरस और जागरूक समाज के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे.

चार थानों में ही सिमटा आधे शहर का अपराध

- एक माह में 600 से ज्यादा केस, थानों को तोड़कर नए बनाने का प्रस्ताव अब भी फाइलों में

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में बढ़ते अपराध का बड़ा बोझ कुछ चुनिंदा थानों पर ही आकर टिक गया है. हालात यह हैं कि सिर्फ चार थाना क्षेत्रों में एक माह के भीतर 600 से अधिक अपराध दर्ज हो चुके हैं. यही चार थाने पिछले साल भी शहर में अपराध के मामले में पहले चार स्थानों पर थे. सबसे अधिक अपराध दर्ज करने वाला थाना एक बार फिर बाणगंगा रहा है. साल के पहले महीने में ही यहां 191 प्रकरण दर्ज हो चुके हैं. दूसरे नंबर पर चंदननगर थाना रहा, जहां जनवरी में 153 केस सामने आए. तीसरे स्थान पर लसूड़िया थाना है, जहां 151 अपराध दर्ज हुए, जबकि भंवरकुआं थाना 123 मामलों के साथ चौथे नंबर पर रहा. इन चारों थानों में दर्ज अपराधों की संख्या शहर के बाकी थानों के कुल मामलों के लगभग बराबर बताई जा रही है. इसके अलावा खजराना, विजयनगर और राजेंद्रनगर थाना क्षेत्रों में भी अपराध तेजी से बढ़े हैं. जनवरी माह में खजराना में 87, विजयनगर में 98 और राजेंद्रनगर में 86 प्रकरण दर्ज हुए हैं. शहर में 32 थाने हैं, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि सिर्फ सात थाना क्षेत्रों में ही अधिकांश अपराध सिमट गए हैं. यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों से पुलिस इन बड़े और ज्यादा आबादी वाले थानों को विभाजित कर नए थाने बनाने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजती रही है.

यह प्रस्ताव अब तक सिर्फ कागजों तक ही सीमित है. थानों का क्षेत्रफल और आबादी कम न होने के कारण पुलिस पर काम का दबाव बढ़ता जा रहा है, जिसका सीधा असर अपराध नियंत्रण पर पड़ रहा है. जब तक नए थाने अस्तित्व में नहीं आते, तब तक इन हॉटस्पॉट इलाकों में अपराध पर लगाम लगाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना रहेगा.

समस्या | वाहन चालक होते हैं परेशान, यातायात विभाग नहीं करता कार्रवाई

पटेल ब्रिज के फुटपाथ पर होती है वाहनों की पार्किंग

इंदौर. कुछ दिनों से देखने में आ रहा है कि यातायात विभाग सख्ती बरतते हए बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर लाखों रूपयों की वसूली की जा रही है जबकि वाहन चालक यातायात की अव्यवस्था को लेकर कई परेरशानियां उठाते आ रहे हैं, जिस पर कोई ध्यान नहीं देता. यातायात विभाग से व्यवस्था एवं फुटपाथ पर अवैध कब्जों की बात की जाती है तो अधिकारियों की कोई प्रतिक्रिया नहीं निकलती.

शहर में कई ऐसे मार्ग है जहां नो पार्किंग में लगे वाहनों को यातायात विभाग उठाकर थाने में जमा कर देता है. इस तरह की कार्रवाई पिछले कई वर्षों से शहर में होती आ रही है. इस कार्रवाई पर विभाग कहता है कि लोगों की सुविधा के लिए सड़कों का खुला होना ज़रूरी है जबकि यह बात पूरी तरह से झूठी है. विभाग सिर्फ वसूली कर खजाना भरना चाहती है क्योंकि जब शहर के पटेल ब्रिज पर नज़र पड़ी तो मामला ही कुछ और नज़र आया. पिछले कई वर्ष से पटेल ब्रिज के दोनों तरफ अवैध पार्किंग में कारें लगी रहती है. इस विषय में कई जिम्मेदारों द्वारा कई बार शिकायत की गई लेकिन अधिकारियों के कान पर जू तक नहीं रेंगी जिसके फल स्वरूप यह हुआ कि पटेल ब्रिज के फुटपाथ को भी अवैध रूप से दो पहिया वाहन पार्किंग बना दिया गया है, जिसके चलते पैदल चलने वालों के लिए जगह तक नहीं बची. जहां शहर भर में यातायात विभाग अवैध पार्किंग के लिए क्रेन दौड़ाता है उसी विभाग की नजरें पटेल ब्रिज की ओर क्यों नही जाती. आखिर विभाग के आला अधिकारी किस आका को खुश करने में लगे रहते है या फिर अवैध पार्किंग से वसूली हो रही है.

इनका कहना है...

आम जनता फुटपाथ छोड़कर सड़क के बीच चलने को मज़बूर है जिनमें बच्चे बुजुर्ग महिलाएं भी होती है. ऐसे में दुर्घटना होना संभव है. यह विभाग क्यों नहीं समझता.

- राजकुमार

आज पटेल ब्रिज की दशा देखिए. दोनों तरफ वाहनों की कतारों के चलते बीच में रास्ता ही नहीं बचता. ज़्यादा व्यस्त होने से दिन में कई बार जाम लगता है.

- मोहन पवार

सड़क और फुटपाथ आम जनता का अधिकार है, जिस पर विभाग द्वारा ही अवैध पार्किंग बनवा दिया गया है. अब किस स्वार्थ में अनदेखी की जाती रही वही जानें.

- योगेश ठाकुर

ऑफिस से उड़ाए 7 लाख का सुराग नहीं, कर्मचारियों पर टिकी जांच

लसूड़िया में निजी कंपनी के अकाउंट सेक्शन से चोरी, सीसीटीवी से नहीं मिली ठोस मदद

नव भारत न्यूज

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में निजी कंपनी के ऑफिस से सात लाख रुपए चोरी होने के मामले में पुलिस अब तक खाली हाथ है. घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद न तो आरोपी हाथ लगे हैं और न ही चोरी की रकम का कोई ठोस सुराग मिला है.

मामले में पुलिस की जांच अब कंपनी के कुछ कर्मचारियों के इर्द-गिर्द सिमट गई है. यह चोरी महालक्ष्मीनगर स्थित लोक्सो काउंटी पार्क नामक कंपनी के ऑफिस में हुई थी.

कंपनी के कर्मचारी ईश्वर पंवार ने लसूड़िया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. शिकायत के अनुसार अज्ञात बदमाश ऑफिस में घुसा और अकाउंट विभाग की तिजोरी से सात लाख रुपए निकालकर फरार हो गया. यह रकम कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए रखी गई थी. संबंधित कंपनी रेलवे से जुड़े ठेके लेने का काम करती है.

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले हैं, लेकिन कैमरों में कैद व्यक्ति का चेहरा स्पष्ट नहीं होने के कारण पहचान नहीं हो सकी है. इसी वजह से जांच को आगे बढ़ाने में दिक्कत आ रही है. सूत्रों के अनुसार पुलिस को इस चोरी में किसी बाहरी व्यक्ति से ज्यादा कंपनी के कुछ कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध लग रही है. इसी आधार पर कुछ कर्मचारियों से पूछताछ भी की जा चुकी है. पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और जल्द खुलासा करने का दावा कर रही है.

लिफ्ट में नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी फरार

इंदौर. चंदन होम्स स्थित बी-ब्लॉक की लिफ्ट में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. पीड़िता कचरा डालकर ऊपर जा रही थी, तभी लिफ्ट में मौजूद युवक ने उसके साथ गलत हरकत की.

लिफ्ट खुलते ही छात्रा बाहर निकल गई और परिजनों को सूचना दी. परिजनों के साथ नीचे पहुंचने पर छात्रा ने आरोपी की पहचान की. पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम सुमित बंसल, उम्र 19 वर्ष बताया, लेकिन हंगामा होते ही वह फरार हो गया. मामले में भंवरकुआं थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

घर पर मिला धमकी भरा पार्सल पत्र के साथ रखी मिली पिस्टल

इंदौर. द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में एक महिला को अज्ञात व्यक्ति द्वारा धमकी भरा पार्सल दिए जाने का मामला सामने आया है. पार्सल में जान से मारने की धमकी का पत्र और एक पिस्टल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई.

सुबह करीब 7:30 बजे द्वारकापुरी स्थित एक मकान पर एक अज्ञात व्यक्ति पार्सल देकर चला गया. पार्सल खोलने पर उसमें धमकी भरा पत्र और पिस्टल पाई गई. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पार्सल को जब्त कर जांच शुरू की. इस मामले में फरियादिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस आरोपी की पहचान और पार्सल भेजने के उद्देश्य की जांच कर रही है.